**खबर संक्षेप**

## आज भारत सम्मान से नवाजे जाएंगे सीए डॉ. सुशील सिंघल



शहडोल। शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. सुशील सिंघल को दिल्ली के एक निजी फाइव स्टार होटल में आज भारत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में केंद्रीय स्तर के चार कैबिनेट मंत्री और आठ सांसद भी सम्मानित किए जाएंगे। यह सम्मान डॉ. सिंघल को सामाजिक क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण योगदान जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, युवाओं में स्किल डेवलपमेंट सहित अनेक सेवाएं शामिल हैं, इसके लिए प्रदान किया जा रहा है। गौरतलब है कि बीते माह ही डॉ. सिंघल को दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में आयोजित समारोह में भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम ढिल्लों द्वारा रियल लाइव हीरो अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों, शुभचिंतकों एवं इष्ट-मित्रों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और इसे शहडोल के लिए गर्व का विषय बताया है।

## बास्केटबाल के 5 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

शहडोल। जिले में बास्केटबाल खेल में कई खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का हुनर दिखाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। इन खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ानें में राष्ट्रीय कोच केके श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहता है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बास्केटबाल की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का सार्वजनिक सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में 14 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता जो वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनाद गांव में आयोजित की गई थी, में आराध्या द्विवेदी एवं आशीष गुप्ता ने भाग लिया था। इसी तरह 17 वर्ष आयु वर्ग में 2024-25 में चेन्नई में आयोजित प्रतियोगिता में सृष्टि गुप्ता नें तथा 19 वर्ष बालिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो पटियाला पंजाब में हुई थी, में खुशी त्रिपाठी ने भाग लिया था। इसी तरह बालक वर्ग में 17 वर्ष बालक राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो छत्तीसगढ़ राजनाद गांव में आयोजित प्रतियोगिता में लक्ष्यबत्रा ने भाग लिया था। संभाग की बास्केटबाल टीम नें 2023-24 में मध्यप्रदेश की विजेता रह चुकी है।

## माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश जारी

शहडोल। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन डॉ. दिवा मिश्रा ने कुलसचिव, समस्त सार्वजनिक/निजी विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश प्राचार्य,समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश को पत्र जारी कर कहा हैं कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केन्द्रित माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद को नोडल संस्था बनाया गया है। गणेश उत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता की दृष्टि से संपूर्ण प्रदेश में माटी गणेश के सृजन हेतु दिनांक 20 अगस्त, 2025 से 26 अगस्त, 2025 तक समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं, जिसमें स्थानीय मूर्तिकारों, कलाकारों के साथ छात्र- छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जावे। अभियान में सहभागिता करने वाले छात्र- छात्राओं को पोर्टल पर सहभागिता एवं शपथ का ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उक्त अभियान में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर माटी गणेश-सिद्ध गणेश कार्यक्रम आयोजित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु प्रोत्साहित करें। माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के संबंध में दिशा-निर्देश म.प्र. जन अभियान द्वारा व्यापक स्तर पर गणेश उत्सव के अवसर पर माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान 04 अगस्त 2025 से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान में अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में माटी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जाने को प्रोत्साहित करें । विद्यार्थीयों के माध्यम से परिवारजनों में प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर माटी गणेश प्रतिमाओं के निर्माण स्थापना का संदेश दे। अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर परिषद के माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान का पोस्टर (संलग्न) लगाने हेतु निर्देश। विद्यार्थियों को परिषद द्वारा आयोजित प्रशिक्षण-सह-कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।

**ग्राम पंचायत तेंदुआढ़: भ्रष्टाचार का अड्डा, जिम्मेदार अमला मूकदर्शक**

# उपसरपंच-तकनीकी अमला बना योजनाओं में लगा रहा पलीता

जिले की जयसिंहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदुआढ़ भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। सरपंच फूलबाई कोल के पति रामराज कोल, पंचायत सचिव ओमप्रकाश द्विवेदी, उपसरपंच राजेंद्र प्रसाद पटेल और तकनीकी अमले की मिलीभगत से यहां सरकारी योजनाओं का पैसा कागजों में हजम कर लिया गया है।





शहडोल।

लघु तालाब से लेकर शौचालय निर्माण और आवास योजना सर्वे तक में अनियमितताएं उजागर हुई हैं। सवाल है कि जनपद और तकनीकी अमला आखिर कब तक आंखें मूंदे रहेगा?

### ग्रामसभा से बचते सरपंच- सचिव

15 अगस्त को ग्राम पंचायत तेंदुआढ़ में ग्रामसभा का आयोजन होना था, लेकिन पंचायत ने बैठक बुलाने से ही इंकार कर दिया। ग्रामसभा का उद्देश्य था कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए और विकास कार्यों पर चर्चा हो। लेकिन ग्रामीणों ने जब अनियमितताओं पर सवाल उठाने की तैयारी की, तो सरपंच और सचिव ने सभा ही रद्द कर दी। यह पंचायत की जिम्मेदारियों से भागने की मानसिकता को साफ दर्शाता है।

### लघु तालाब घोटाला

ग्राम पंचायत तेंदुआढ़ में उपसरपंच और उनके सहयोगियों ने रिश्तेदारों के नाम पर तीन-तीन लघु तालाब पास करवा लिए। कागजों पर तो तालाब बने, लेकिन वास्तविकता में केवल एक तालाब बना। हितग्राही *कल्लू कोल पिता छोटे कोल* के नाम से तालाब पास करवा कर ?1,97,444 की राशि आहरित कर ली गई। हितग्राही के खेत में महज 65 घंटे मशीन चलाकर लगभग ?14,000 उसके खाते में डाले गए। शेष राशि सरपंच, सचिव ओमप्रकाश दुबेदी, उपसरपंच राजेंद्र पटेल, वार्ड पंच प्रभा पटेल के पति मंगलेश पटेल और इंजीनियर रसूद्दीन खान ने आपस में बांट ली।

### सोकता पिट और शौचालय घोटाला

गांव के ही पप्पू साहू उर्फ ओमप्रकाश साहू ने आरोप लगाया कि प्रभा पटेल के पति मंगलेश पटेल ने उनसे जबरदस्ती सोकता पिट का गड्ढा खुदवाया। आश्वासन दिया गया कि 15 दिन में पैसा निकल जाएगा, लेकिन आज तक भुगतान नहीं हुआ। साहू ने बताया कि उसने घर का गेहूं-चावल बेचकर मजदूरी चुकाई, मगर उसका पंद्रह हजार रुपया सरपंच और सचिव की जेब में चला गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे में वसूली

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तेंदुआढ़ में सर्वे कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र हितग्राहियों से पंचायत प्रतिनिधियों ने खुलेआम 1000 प्रति व्यक्ति वसूले। गरीब ग्रामीण मजबूरी में पैसे देने पर विवश हुए, ताकि उनका नाम सूची में दर्ज हो सके। यह सीधे-सीधे शोषण और भ्रष्टाचार का उदाहरण है।

### बिलों में गड़बड़ी और फर्जी खरीद

पंचायत के बिलों की जांच में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। पंचायत सचिव ओमप्रकाश दुबेदी द्वारा कम्प्यूटर और मंसूरी इंटरप्राइजेस जैसे दुकानदारों से खरीद के नाम पर बिल लगाए गए हैं। ये दुकानें सीमेंट, गिट्टी, बोल्डर और बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई करती हैं, मगर कागजों पर इन्हीं दुकानों से लैपटॉप, मोबाइल, प्रिंटर खरीदे गए। पंचायत के नाम पर दो-दो लैपटॉप और प्रिंटर खरीदे गए, लेकिन ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिला।

### कागजों पर घाट निर्माण, जमीन पर अधूरा

तेंदुआढ़ पंचायत भवन के पास घाट निर्माण के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए। लेकिन आज तक वह काम अधूरा है। कागजों पर पूरा भुगतान हो चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत ग्रामीणों को धोखा देती है। इससे साफ है कि पंचायत सचिव और तकनीकी अमले की मिलीभगत से बिल पास कराकर राशि डकार ली गई।

### ग्रामीणों का आक्रोश

ग्रामसभा न होने से नाराज ग्रामीणों ने पंचायत के खिलाफ लिखित आवेदन देने की कोशिश की। ग्रामीणों की मांग थी कि पंचायत सभी को रोजगार उपलब्ध कराए और जिन स्थानों पर पीसीसी रोड की जरूरत है, वहां तत्काल कार्य शुरू किया जाए। उनका कहना है कि पंचायत यदि पीसीसी रोड का निर्माण स्वयं करेगी तो गांव के युवाओं को रोजगार मिलेगा। ग्रामीणों का आक्रोश साफ बताता है कि वे अब सरपंच और सचिव की मिलीभगत को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं।

### जनपद और तकनीकी अमला भी जिम्मेदार

ग्राम पंचायत तेंदुआढ़ में जिस तरह से भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं, उसमें केवल सरपंच और सचिव ही नहीं, बल्कि जनपद पंचायत और तकनीकी अमला भी उतना ही दोषी है। *उपयंत्री और इंजीनियरों की मिलीभगत* के बिना फर्जी बिल पास होना और अधूरे कामों का भुगतान संभव ही नहीं है। यह मिलीभगत ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई और सरकारी खजाने दोनों पर डाका डाल रही है। निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधि अब ग्रामीणों की सेवा की बजाय केवल धन बटोरने में लगे हैं। तकनीकी अमला और जनपद पंचायत यदि अपनी आंखें मूंदे रहे तो ऐसे घोटाले जारी रहेंगे। जरूरत है कि कड़ी जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, वरना तेंदुआढ़ जैसे गांव विकास की बजाय भ्रष्टाचार का प्रतीक बनकर रह जाएंगे।

# जन अभियान परिषद द्वारा इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं पर प्रशिक्षण





जयसिंहनगर।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में शनिवार 23 अगस्त 2025 को ग्राम पंचायत अमझोर में प्रस्फुटन समितियों की बैठक के दौरान इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं के निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता पवन तिवारी और क्रांति गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्र-छात्राओं और आमजन ने मिट्टी व गोबर से प्रतिमाएं बनाकर व्यावहारिक अभ्यास भी किया। प्रशिक्षक विकास गुप्ता ने मिट्टी और गोबर से प्रतिमा बनाने की विधि बताई, वहीं लल्लू अहिरवार ने विभिन्न प्रकार की मिट्टियों से प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया।

### मिट्टी की प्रतिमाएं करें निर्माण: विवेक

कार्यक्रम में जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने लोगों से अपील की कि आगामी त्यौहारों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं की जगह मिट्टी से बनी प्रतिमाएं स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रस्फुटन समितियों का कार्य समाज में जागरूकता फैलाना है और इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

### हर आदमी में होती है विशेषता: मालती

जनपद अध्यक्ष मालती सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर कुछ विशेषताएं होती हैं। ऐसे कार्यक्रम व्यक्ति की छिपी कला को निखारने का अवसर देते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि घर-घर में इस तरह की कलाकृतियां बनें और कला को समाज के सामने प्रस्तुत किया जाए।

### मिट्टी की प्रतिमाएं प्रकृति के अनुकूल: शीला

कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की शीला तिवारी ने मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाई। उन्होंने कहा कि मिट्टी पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है और इससे प्रदूषण नहीं होता। इसलिए आने वाले समय में सभी को इसी दिशा में प्रेरित होना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष मालती सिंह, भाजपा महिला मोर्चा से शीला तिवारी, परामर्शदाता पवन तिवारी और क्रांति गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, राजेंद्र पाठक, रामलखन गुप्ता, अमृत विद्या पीठ विद्यालय के संचालक जेपी द्विवेदी, सूरज कुमार त्रिपाठी, रेखा नामदेव, मुस्कान गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व आमजन उपस्थित रहे। अंत में नवांकुर संस्था, सेक्टर क्रमांक-02 अमझोर के अध्यक्ष शिवकुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियो ने आकांक्षा हाट का किया अवलोकन

शहडोल। जिले के विकासखण्ड गोहपारू के शासकीय आईटीआई परिसर में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया। सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के अवसर पर आकांक्षा हाट का विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अवलोकन किया तथा निर्मित उत्पादों के बारे में जानकारी ली। साथ ही संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में आए लोगों की स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया की जांच भी की गई।



## राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में शहडोल जिला प्रथम

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में शहडोल जिला प्रथम स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शहडोल मनोज द्विवेदी एवं जिला मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन अधिकारी संदीप पटेल को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है ऐसे ही आगे भी स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को सब मिलकर करेंगे जिससे प्रदेश स्तर में शहडोल जिला अव्वल रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत किए गए की समय-समय पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए गए थे। इस उपलब्धि में जिले की पूरी टीम जिसमें आशा कार्यकर्ता से लेकर एएनएम, सीएचओ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक कम्युनिटी मोबलाइजर एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग के अमले का सक्रिय योगदान रहा।

# मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान पोस्टर का विमोचन




शहडोल।

राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध मध्य प्रदेश शिक्षक संघ शहडोल द्वारा मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान पोस्टर का विमोचन संभागीय मुख्यालय शहडोल की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह (विधायक, जयसिंहनगर) के करकमलों से किया गया। जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में 1 सितंबर 2025 को 5 लाख विद्यालयों में मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में शहडोल जिले के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों को शपथ दिलवाई जाएगी कि मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान है, मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ है। विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित और प्रेरणा का केंद्र बनाएंगे। विद्यालय की संपदा एवं संसाधनों का संरक्षण करेंगे। शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम न मानकर ऐसा वातावरण निर्मित करेंगे जहाँ कोई भेदभाव न हो। चरित्र निर्माण, संस्कार, सेवा, समर्पण और समाज सेवा को लक्ष्य बनाकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में लालजी तिवारी (अध्यक्ष, म.प्र. शिक्षक संघ शहडोल), साधना जैन (प्राचार्य एमएलबी), श्रीमती आशा पांडे (जिला महिला प्रकोष्ठ प्रमुख), महेंद्र सिंह बैस, अरुणिमा सिंह, तेज प्रताप सिंह (नगर इकाई अध्यक्ष), मीनाक्षी तिवारी, कमलजीत पाठक (मीडिया प्रमुख), महेंद्र त्रिपाठी (उपाध्यक्ष), सपना चतुर्वेदी (तहसील इकाई सोहागपुर), डॉ. मनोज श्रीवास्तव, शिशिर मिश्रा (प्राचार्य), भारती मिश्रा सहित अनेक शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए कर्तव्य परायणता के साथ निभाए भूमिका: एसडीएम

### तीन दिवसीय डिसट्रिक्ट प्रोसेस लैब का समापन





शहडोल। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत संभागीय मुख्यालय शहडोल के त्रिदेव होटल में तीन दिवसीय डिसट्रिक्ट लैब का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन दिवसीय डिसट्रिक्ट लैब का समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविन्द शाह ने कहा कि जनजातीय समुदाय के सर्वांगिण विकास को दृष्टिगत रखते हुए मैदानी स्तर पर कार्य करना ही हमारा लक्ष्य है। जनजातीय विकास और परिर्वतन के लिए व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किये गये आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्राम स्तर पर ऐसे लोगों का समूह बनाया जायें, जो जनजातीय समुदाय की परम्पराओं, संस्कृति से जुडकर उनके उत्थान के लिए कर्तव्य परायणता के साथ अपनी भूमिका निभायें।
मास्टर ट्रेनर्स डीसी मिश्रा ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान पर समुदाय को संगठित करने और जागरूकता पैदा करने के लिए जनजातीय जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज्य संस्थाओं के सदस्यों तथा ग्राम स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्राम सभा की बैठक आयोजित करनें, बाह्य उपायों के बारे में संदेहों का समाधान करनें तथा विजन निर्माण के लिए सहयोगात्मक वातावरण तैयार करने का काम करेगी। पीआरए कार्य गली भ्रमण, ग्राम परिसंपत्ति भ्रमण के माध्यम से ग्रामीणों और स्थानीय संस्थाओं को संगठित करके मार्गदर्षन प्रदान करनें, कार्य के दौरान समाज से सभी वर्गों की भागीदारी सुनिष्चित करनें तथा पीआए कार्य के दौरान महिलाओं, अनुसूचति जातियों, अनुसूचित जनजातियों और भूमिहीन किसानों के सुझावों को संकलित किया जाएगा। पीआरए कार्य से प्राप्त आंकड़ों को सामेकित किया जाएगा। मोटीवेशनल मूवी एवं खेल गतिविधियों के माध्यम से योजना निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।
तीन दिवसीय डिसट्रिक्ट लैब के समापन अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग आनंद राय सिंहा सहित जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद् बकहो, जिला-शहडोल म.प्र.**
नेशनल हाईवे मेन रोड बकहो (9755485693) E-mail-cmobakho.shahdol@mpurban.gov.in

क्रमांक/1166/ढटअ/न.परि./2025-26 बकहो, दिनांक- 22/08/2025

**अन्तिम दावा / आपत्ति सूचना**

म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र एवं क्रमांक एफ./ एफ.यू.डी.एच./9/0009 / 2025 / 18-2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. शासन भोपाल के पत्र क्रमांक - या.प्र. 107/2025/3180 भोपाल दिनांक 18.03.2025 द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जॉच कर पोर्टल मे स्वीकृत करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर जिला - शहडोल, म.प्र. क्रमांक / प्र.सं.आ.यो./ भौतिक सत्यापन / 2025 / 785 दिनांक 21.04.2025 के द्वारा डियुटी लगाई गई थी। सभी कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों अनुसार वार्डो मे जाकर स्थल निरीक्षण / परीक्षण पश्चात तृतीय चरण हेतु पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है जिसका प्रकाशन दिनांक 22.08.2025 को कार्यालय के सूचना पटल पर किया गया है। प्रकाशित सूची में अगर किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो दस्तावेजी सबूतों के साथ दिनांक 29.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक निकाय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी भी प्रकार के दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बकहो, जिला शहडोल (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### श्रावक संस्कार अर्हम स्वधर्म शिविर के आयोजन में पहुंचने की अपील

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जैन समुदाय के दस लक्षण पर देश की राजधानी दिल्ली में लाल किला के पास प्रथम बार दस लक्षण पर्वराज पर्यूषण पर्व के उपलक्ष्य में प्रथम बार श्रावक संस्कार अर्हम स्वधर्म शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर के जैन समुदाय के लोगों को आमंत्रित करते हुए जैन धर्म के मर्म को समझने प्रभु और गुरु की भक्ति में डूबने के साथ ही अपनी आत्मा के भीतर परिवर्तन लाने और मिलकर जिन धर्म का डंका बजाने की अपील की है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ताला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डॉक्टर की अनुपस्थिति पाई गई। स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट, नर्स उपस्थित रहे। फार्मासिस्ट ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में सांप के काटने के बाद उपचार के लिए 10 एन्टी वेनम उपलब्ध है।दवाइयां उपलब्ध है। कलेक्टर ने फीमेल,मेल वार्ड का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया ।

### कलेक्टर ने दिलाई मास्टर ट्रेनरों को शपथ



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अतिथियों ने उपस्थित मास्टर ट्रेनरों को शपथ दिलाई कि हम- हितुआ एवं परिवर्तनकर्ता आदि कर्मयोगी सत्य, निष्ठा, ईमानदारी, समर्पित भाव और निःस्वार्थ भाव से काम करेंगे। हम- अपने जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के विकास के लिए इस अभियान के तहत जमीनी स्तर पर बैठक कर हर गांव की एक समग्र योजना बनायेंगे। हम- समुदाय की आवश्यकताओं का आंकलन और विश्लेषण करके क्षमता निर्माण करते हुए उनके सामाजिक आर्थिक स्तर को बेहतर बनायेंगे। हम - उस योजना को धरातल पर उतार कर बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की भावना से समन्वय के द्वारा क्रियान्वित करेंगे। हम- उनकी संस्कृति, गरिमा, परम्परागत ज्ञान का आदर करते हुये विकसित भारत अभियान का हिस्सा बनेंगे। हम कर्मयोगी प्रण ये करे, अंतिम पंक्ति तक कदम धरें। सेवा, सम्मान, निष्ठा के संग, हर दिल में विश्वास भरें।

### शिक्षक फॉर्मल ड्रेस में अध्यापन का करें कार्यः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर विकासखंड के ग्राम घघराड़ स्थित शासकीय हाई स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कक्षा 9वी में 39 में से 18 बच्चे उपस्थित पाये गए। कक्षा 10वी में 46 में से 21 बच्चे उपस्थित पाये गए।
कलेक्टर ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया , जिसमे बताया गया कि 7 शिक्षक है, जिनमे 2 शिक्षक ट्रेनिंग में उमरिया जाना बताया गया। प्राथमिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से स्कूल में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन के संबंध में पूछताछ की जिस पर बच्चों द्वारा मीनू के आधार पर भोजन मिलना बताया। कलेक्टर ने कहा बच्चों को मीनू के अनुसार ही भोजन दिया जाए एवं उसकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने रसोई का भी निरीक्षण किया जहां खाना बनना पाया गया। उन्होंने शिक्षको से कहा कि फॉर्मल ड्रेस में ही स्कूल आकर अध्यापन का कार्य कराए । निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर के अंदर का भवन जर्जर अवस्था मे पाया गया, जिसे डिस्पोज करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार कि घटना घटित नही हो सके ।

## उड़नदस्ता दल की जांचः कोरम पूर्ति या वास्तविक कार्रवाई?

# फार्मासिस्ट की मौजूदगी पर प्रशासन मौन

### भाड़े की डिग्रियों से चल रहे मेडिकल स्टोर

**उमरिया। जिले में नशे के कारोबार पर रोक लगाने का दम भरने वाला खाद्य एवं औषधि प्रशासन आखिर किन मेडिकल स्टोर्स की हकीकत छिपा रहा है? औषधि निरीक्षकों की उडऩदस्ता जांच कार्रवाई भले ही सुर्खियों में हो, लेकिन असली सवाल यह है कि मेडिकल स्टोर्स पर नियुक्त फार्मासिस्ट मौके पर मिले भी या नहीं। भाड़े की डिग्रियों पर वर्षों से संचालित हो रहे मेडिकल स्टोरों की ओर प्रशासन आंख मूंदे बैठा है, जबकि जांच केवल खानापूर्ति साबित हो रही है।**



### उमरिया में औचक निरीक्षण

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल के आदेश पर जिले में गठित उडऩदस्ता दल ने मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया। इस दल में जबलपुर के औषधि निरीक्षक देवेंद्र कुमार जैन, अनूपपुर के प्रमोद कुलेश एवं दीपक नामदेव शामिल रहे। शहर के गांधी चौक स्थित सिंध मेडिकल स्टोर, नेशनल मेडिकोस, बसंत मेडिकल, ओम मेडिकल, नमन मेडिकल, महिमा मेडिकल और बांधवगढ़ मेडिकल स्टोर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सिंध मेडिकल स्टोर और नमन मेडिकल स्टोर पर नारकोटिक्स औषधियों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड में गंभीर अनियमितताएं मिलीं। संचालकों को तीन दिनों के भीतर रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मानपुर में गर्भपात की दवाइयां मिलीं

दल ने मानपुर नगर के अजय मेडिकोस, राजीव मेडिकल, दयाराम मेडिकोस, श्रीराम मेडिकोस और विनय मेडिकल का भी निरीक्षण किया। यहां श्रीराम मेडिकोस में गर्भपात की औषधि बिना किसी क्रय-विक्रय रिकॉर्ड के पाई गई। मामला औषधि निरीक्षक उमरिया को अग्रेषित कर दिया गया है। वहीं नवीन मेडिकल स्टोर, बस स्टैंड पर निरीक्षण के समय दुकान बंद पाई गई।

### कफ सीरप तो नहीं, मगर गड़बडियां खूब

जांच के दौरान दल ने दावा किया कि कहीं भी कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सीरप नहीं मिला, लेकिन सवाल यह है कि जांच का दायरा इतना सीमित क्यों रखा गया? क्या सिर्फ कफ सीरप ही नशे का जरिया है? जबकि जिले में ऐसी कई दवाइयां हैं जिनका खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इन मेडिकल स्टोर्स पर औषधि वितरण के दौरान नियुक्त फार्मासिस्ट मौजूद पाए गए या नहीं। नियमों के अनुसार बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी के किसी भी मेडिकल स्टोर पर दवाओं का विक्रय प्रतिबंधित है। मगर प्रशासन ने इस बिंदु पर चुप्पी साध ली। रिपोर्ट में फार्मासिस्ट की मौजूदगी या गैर-मौजूदगी का कहीं कोई उल्लेख नहीं है।

### भाड़े की डिग्रियों का खेल

जिले में दर्जनों मेडिकल स्टोर ऐसे हैं, जहां कागजों पर तो डिग्रीधारी फार्मासिस्ट नियुक्त दिखते हैं, लेकिन वास्तविकता में वे किसी दूसरे शहर में नौकरी या प्रैक्टिस कर रहे होते हैं। इनकी डिग्रियां महज किराए पर लगी हुई हैं। यह सब जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में होते हुए भी कार्रवाई नहीं होती। उडऩदस्ता दल की यह चुप्पी इस बात की गवाही देती है कि कार्रवाई महज कोरम पूर्ति तक सीमित है।

### नशे पर अंकुश नहीं, खानापूर्ति की कार्रवाई

### कोरम पूर्ति की कार्रवाई

औषधि अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के अंतर्गत गंभीर अनियमितताओं पर स्टोर की अनुज्ञप्ति निलंबित या निरस्त की जा सकती है, लेकिन अनुभव बताता है कि ऐसे मामलों में नोटिस तो जारी होते हैं, मगर महीनों बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यही कारण है कि मेडिकल स्टोर संचालक प्रशासन से बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं। जिले में कई मेडिकल स्टोर नशे की दवाओं के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। मगर उडऩदस्ता दल की जांच इन तक क्यों नहीं पहुंचती? यह सबसे बड़ा सवाल है।

### आश्चर्यजनक चुप्पी

पूरे अभियान की रिपोर्ट जिला औषधि निरीक्षक को भेजी गई है। मगर आश्चर्यजनक रूप से रिपोर्ट में न तो फार्मासिस्ट की मौजूदगी का उल्लेख है, न ही भाड़े की डिग्रियों पर चल रहे मेडिकल स्टोर्स का जिक्र। इससे साफ है कि प्रशासन नशे पर अंकुश लगाने की बजाय केवल दिखावा कर रहा है। जिले में औषधियों के दुरुपयोग पर रोक लगाने का दावा खोखला साबित हो रहा है। उडऩदस्ता दल की कार्रवाई केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित है। मेडिकल स्टोर्स पर नशे का कारोबार और भाड़े की डिग्रियों का खेल बेरोक-टोक जारी है।

# प्रशिक्षण में बताई गई बातों का पालन करते हुए ग्राम की कार्ययोजना तैयार करें











### तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान का हुआ समापन

**उमरिया।** जन जातीय कार्य विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान का समापन हुआ। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जन जातीय वर्ग के उत्थान के लिए कारगर साबित होगा।जन जातीय वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों को ध्यान में रखकर ग्राम की कार्य योजना तैयार करे, तभी इस कार्य मे सफलता प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि ब्लाक एवं ग्राम स्तर का भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्राम का सर्वे के बाद ही ग्राम की कार्य योजना तैयार की जाएगी।कार्ययोजना बनने के बाद निश्चित रूप से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जाएगा। आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि हमारा भारत ग्राम में बसता है। ग्राम में जाकर,ग्रामीणों से पूछने के बाद आदि कर्मयोगी कार्य योजना के बनने से हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सकेगा।उन्होंने कहा कि जब भी ग्राम में जाएं तो ग्रामीणों को विश्वास में लेकर कार्य करें।पानी के संरक्षण , सम्वर्धन की दिशा में भी कार्य करे। कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक बीटीआर अनुपम सहाय ने भी आदि कर्मयोगी अभियान में हर संभव सहयोग करने की बात कही। सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि राज्य स्तर पर 11 से 14 अगस्त तक मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया ।इसके बाद जिला स्तर पर भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शासन की मंशा अनुरूप कार्य योजना बनाकर ग्रामीणों को लाभ पहुचाया जाएगा । कार्यक्रम में करकेली, मानपुर, पाली विकासखंड के मास्टर ट्रेनर ने अपने अपने अनुभवों साझा किए। इन अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर, ब्लाक स्तर के मास्टर ट्रेनर एवं एनजीओ को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक बी टी आर अनुपम सहाय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह,नगर परिषद चंदिया अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल,दिनेश पांडेय उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने हाई स्कूल बड़ेरी का किया निरीक्षण

**गंदगी देख नाराज हुए कलेक्टर, स्वच्छता रखने के दिए निर्देश**

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने हाई स्कूल बड़ेरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 1 से कक्षा 10 तक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से अध्यापन कार्य के संबंध में पूछताछ की ।कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों से मीनू के अनुसार भोजन मिलने के संबंध में पूछताछ की , जिस पर मीनू के अनुसार भोजन मिलना पाया गया। उन्होंने कक्षा 3 के अनुराग , कक्षा 4 के वेदांत से हिंदी की किताब पढ़वाई।कलेक्टर ने शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया , जिस पर बताया गया कि विद्यालय में 12 शिक्षक है, वर्तमान में 8 शिक्षक उपस्थित पाए गए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के रिकार्ड को व्यवस्थित रूप से संधारित करें, ताकि आवश्यकता पडऩे पर उसका उपयोग किया जा सके। विद्यालय परिसर में गंदगी का आलम पाया गया ,जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोई कक्ष का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान खाना बनना पाया गया। उन्होंने दीवार पर मीनू लिखवाने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मतदान केंद्र भवन जर्जर स्थिति में पाया गया, बी एल ओ के माध्यम से मतदान केंद्र बदलने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।



## डीव्हीएम पब्लिक विद्यालय अमलाई में मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी



**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** शनिवार को डीव्हीएम पब्लिक विद्यालय अमलई में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार राधा व कृष्ण बनकर मनमोहक छवि प्रस्तुत की। कक्षा एक केजी से कक्षा चतुर्य तक के बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पांचवी से सातवी तक के बच्चों ने बाँसुरी दसवी तक के बच्चों ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित तत्कालीन प्रभारी श्रीमती अमृता यादव द्वारा बच्चों को पर्व की जानकरी दी गई। इस पर्व से जुड़ी रोचक कहाँनियाँ बताई क्या यह भी बताया गया कि जन्माष्टमी का पर्व क्यों मनाया जाता है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनपद पंचायत बदरा के सभागार में मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति सदस्यों, सी एम सी एल ड़ी पी छात्रो, नवांकुर संस्थाओ, परामर्शदाताओं को प्रदान किया गया। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, जनपद पंचायत अनूपपुर के सीईओ, बीड़ीओ व जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समन्वयक ने बताया कि बाजार में मिलने वाली प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति पानी मे गलती नहीं है व उसमे मिले हुए केमिकल भी नदी के जल को प्रदूषित करते है अतः पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से मिट्टी के गणेश जी का इस वर्ष सभी लोग निर्माण करे व विसर्जन करे ताकि पर्यवारण संरक्षण हो सके। सी ई ओ जनपद ने कहा कि परिषद का यह प्रयास निश्चित ही प्रसंसनीय है हम सब को मिलकर इसमे सहभागिता करने चाहिए इसलिए मैने भी माटी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण यहां से प्राप्त किया व इस प्रशिक्षण का अर्थ तभी सिद्ध होगा जब इसे हम जमीन में उतरे व प्रत्येक व्यक्ति को माटी के गणेश जी विराजने की प्रेरणा दे सभी लोगों ने विद्यालयीन छात्रो को भी इसका प्रशिक्षण प्रदान करने के संकल्प के साथ शपथ लेकर कार्यक्रम को समाप्त किया।

## धूमधाम से मनाया जा रहा 8 दिवसीय कृष्ण जन्मोत्सव का त्यौहार



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के बनिया टोला स्थित बूढी माता मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव से शुरू हुआ 8 दिनी त्योहार को बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह से मनाया जा रहा है। रात्रि में मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही भगवान श्री कृष्णा की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया है। सुबह से लेकर देर रात तक बच्चे राधा कृष्ण के वेशभूषा में नजर आ रहे हैं वहीं कई महिलाएं माता यशोदा के रूप में नृत्य करते हुए नजर आती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा भगवान श्री कृष्णा के मनमोहक गानों की धुन पर नृत्य भी किया जाता है। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर समिति के द्वारा बच्चों को पुरस्कार भी दिया जा रहा है। जिसे देखने के लिए महिलाएं युवा एवं बुजुर्ग मंदिर पहुंच रहे हैं।

## स्थानीय रहवासियों ने की नाली निर्माण कार्य करवाये जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक 13 लहसुई कैंप मे मीरा इक्लाइन के पास बनी कालोनी मे नाली नही होने के कारण बारिश का पानी घरों के सामने भर जाता है जिसके कारण आसपास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तेज बारिश होने पर इकट्ठा हुआ पानी घरों के अंदर घुस जाता है जिसके कारण घर में रखे सामान भी खराब हो रहे हैं।**



कई बार रहवासियों ने नगर पालिका एवं कालरी प्रबंधन से नाली का निर्माण करवाए जाने की मांग भी की लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण स्थानीय लोग परेशान है। उनका कहना है कि घरों के सामने पानी इकट्ठा होने के कारण पैदल चलना मुश्किल होता है घरों के आसपास पानी इकट्ठा होने के कारण मच्छर भी पनप रहे हैं जिसके कारण मलेरिया डेंगू जैसी घातक बीमारी होने का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में गोबिंदा कालोनी में डेंगू जैसी घातक बीमारी के मरीज भी मिल चुके हैं। स्थानीय रहवासियों ने नाली निर्माण कार्य करवाये जाने की मांग की है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में जिला स्तरीय बौद्धिक संस्कृति महोत्सव एवं ज्ञान-विज्ञान मेला सम्पन्न





### विशिष्ट अतिथि श्रीमती जीएम श्रुति परांजपे ने विजेताओं को किया सम्मानित

सरस्वती शिशु मंदिर धनपुरी के द्वारा जिला स्तरीय बौद्धिक, संस्कृति महोत्सव एवं ज्ञान-विज्ञान मेला 2025 का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिले के 12 विद्यालयों के लगभग 278 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कुल 19 आयामों में बौद्धिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक प्रतियोगिताएँ सम्पन्न हुईं।

धनपुरी।

विजेता प्रतिभागी अब विभागीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।उद्घाटन सत्रमुख्य अतिथि एसईसीएल सोहागपुर एरिया के एपीएम श्री बालाराम हेम्ब्रम रहे, जबकि अध्यक्षता श्री इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने की। इस अवसर पर श्री रामशिरोमणि शर्मा, जिला बौद्धिक प्रमुख श्री रामनारायण तिवारी, विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रमुख श्री लक्ष्मीनारायण उपाध्याय सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।गरिमामयी उपस्थितिकार्यक्रम में व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला, संरक्षक महेंद्र सिंह पवार, कोषाध्यक्ष मोहन सोनी, सहव्यवस्थापक शशिकांत विश्वकर्मा, समिति सदस्य—श्रीमती विनीता जायसवाल, विजय गौतम, गणेश हथगेन, श्रीमती सरिता शर्मा, रजनी सोनी, आलेख मोगरे, प्रकाश पनिका, पुरुषोत्तम गुप्ता, श्री चंद्रशेखर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा, सभापति अंशिका विश्वकर्मा, तथा सुरभि महिला मंडल समिति की मातृशक्ति सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।समापन सत्र व पुरस्कार वितरणसमापन सत्र के मुख्य अतिथि विधायक श्री जय सिंह मरावी रहे। अध्यक्षता नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने की।विशिष्ट अतिथि श्रीमती जीएम श्रुति परांजपे ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसी प्रकार अन्य मुख्य अतिथियों ने भी मंच से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।आभार व संचालनसफल मंच संचालन प्राचार्य श्री मृगेंद्र श्रीवास्तव ने किया, जबकि व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।धनपुरी सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित यह आयोजन प्रतिभा, संस्कृति और विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना।



## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर आयोजित

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पूर्ण स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस की उपलक्ष्य में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दो बजे तक 27 लोगो ने रक्तदान किया । डाईट कॉलेज प्राचार्य एस वी डूंडू ,शिक्षिका ज्योति श्रीवास्तव ,62 वर्षीय बीके सुनील भाई, बरखा बहर मीना बहन,अमकुही फैक्ट्री से रजनीश सिंह, विजय ठाकुर, सत्येंद्र गर्ग, विनोद साहू , विवेक सिंह , लोकचंद भाई, अनिरुद्र चंदन सहित अन्य लोगो ने रक्तदान किया ।शिविर में सभी दानदाताओं के लिए जूस कॉफी फल और भोजन की व्यवस्था रही । अंत मे दुर्गा बहन भारती बहन सविता, सुमन बहन, ज्योति बहन, बेबी बहन ने रक्त दाताओ को प्रमाण पत्र और ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया ।

### मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु वार्डों में चला फॉगिंग अभियान

**कटनी।** डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष फॉगिंग अभियान प्रारंभ किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत निगम के फॉगिंग मशीनों वाहन के माध्यम से विगत दिवस इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक एवं रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक में क्षेत्रीय वार्ड पार्षद एवं दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न गलियों, मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थलों पर रासायनिक धुआँ छोड़ा जाकर मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास किए गए। अभियान के तहत जयप्रकाश वार्ड क्रमांक 10 ,बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 19, राम मनोहर लोहिया वार्ड एवं चंद्र शेखर आजाद वार्ड की गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ा जाकर मच्छरों का विनिष्टकरण किया जाकर नागरिकों को राहत पहुंचने की कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों एवं आसपास के स्थलों, कूलरों आदि में पानी न ठहरने दें तथा स्वच्छता बनाए रखें।

### बकाया बिल करें जमा नहीं तो काट दी जाएगी बिजली



**बड़वारा।** विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के अंतर्गत पूर्व में उड़नदस्ता टीम (जांच दल) के द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 (ख) एवं 126 के तहत बनाए गए पंचनामा की बकाया राशि का भुगतान करने हेतु क्षेत्र की जनता से विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन पर विद्युत कर्मचारियों के द्वारा घर घर जाकर उपभोक्ताओं से मुलाकात करके समझाइए दी जा रही है कि दिनांक 13/09/2025 को विशेष न्यायालय कटनी में उपस्थित होकर 30% प्रतिशत आकलित ऊर्जा प्रभार पर छूट का लाभ लेकर प्रकरण को अतिशीघ्र समाप्त करवाए। पंचनामा की बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा आप के परिसर का विद्युत कनेक्शन अस्थाई रूप से विच्छेदित कर दिया जाएगा। यदि चेकिंग के दौरान भविष्य में बिना पंचनामा राशि एवं बिजली बिल का भुगतान किए विद्युत कनेक्शन जोड़ा पाया गया तो आपके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 (ख) के तहत कार्यवाही करते हुए पुनः प्रकरण तैयार किया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने के पश्चात तत्काल अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र अमाडी (मझगांव) कार्यालय में उपस्थित होकर भी अपने बने पंचनामा राशि एवं विद्युत बिल की राशि का भुगतान किया जा सकता है और समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# लोक सेवा केन्द्र की भर्रेशाही पर लगाम लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।



लोक सेवा केन्द्र राजेन्द्रग्राम में आवेदनों के धांधली पर कार्यवाही के संबंध मे कमल पट्टा आदिवासी समेत गजेन्द्र सिंह, भान सिंह, अरविंद सिंह व डमेश्वर सिंह समेत अन्य लोगों ने 22 अगस्त को राजेन्द्रग्राम के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को शिकायती आवेदन दिया है। शिकायती आवेदन मे लेख किया गया कि लोक सेवा केन्द्र पुष्पराजगढ़ द्वारा आये दिन आवेदनों में धाँधली व नाम गलत कर दिया जाता है जबकि आवेदको का रिकार्ड में सही नाम रहता है, जिससे आवेदको को परेशान होना पड़ता है। कई आवेदन तो ऐसे है जिनका आवेदन जमा करने के बाद भी आनलाईन नही होता है और आपरेटरो द्वारा रजिस्टर मे नाम देखने को बोलकर अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ लिया जाता है, जबकि आवेदको के सामने ही व्हीआईपी व जान पहचान के आवेदको को आपरेटर अपने पास बैठाकर आनलाईन करता है और उसी समय उसके काउंटर में जो आवेदक आवेदन करता है उसको फॉर्म जमा कर दो आनलाईन हो जायेगा पावती कल मिल जायेगा या रजिस्टर में नाम देख लेना कहकर आवेदको भगा दिया जाता है। जब आवेदक दूसरी बार आता है तो उसको बोला जाता है कि आवेदन किसको दिये थे, रजिस्टर मे नाम देख लो जबकि आवेदक का रजिस्टर में नाम ही नहीं रहता है। शिकायतकर्ताओं ने इस गम्भीर समस्या को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

# रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल, रायपुर एवं जैन डे-केयर क्लीनिक ओपीएम अमलाई द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन

अमलाई।



शुक्रवार को रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल, रायपुर एवं जैन डे-केयर क्लीनिक, ओपीएम अमलाई के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में जनरल मेडिसिन, त्वचा रोग तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। शिविर में विशेष रूप से डॉ. सूरज भान, डॉ. स्वाति गंदम तथा डॉ. राहुल जैन ने सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में लगभग 137 लोग लाभान्वित हुए तथा निःशुल्क ईसीजी, बीपी एवं ब्लड शुगर की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

# वर्चुअल समीक्षा कर निगम आयुक्त ने ई केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम के माध्यम से सर्वे दल द्वारा की जा रही ई केवाईसी कार्य की प्रगति की वर्चुअल समीक्षा निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा शुक्रवार प्रातः की जाकर गठित दल के अधिकारियों को कार्य में गति लाते हुए शत - प्रतिशत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वर्चुअली समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्री दुबे ने सभी वार्ड दरोगाओं को टैक्स कलेक्टरों के माध्यम से प्राप्त ईकेवाईसी की सत्यापन सूची का पुनः मिलान करते हुए डोर टू डोर सर्वे के दौरान नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी की सत्यता की जांच करते हुए गलत जानकारी पाए जाने पर ऐसी आईडी को डिलीट करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त नें समस्त वार्ड वसूली कर्ताओं को भी वसूली कार्य के साथ ई-केवाईसी कार्य हेतु भी नागरिकों से संपर्क करते हुए केवाईसी की स्पष्ट रिपोर्ट देकर शत-प्रतिशत आधार से समग्र लिंक करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए।

निगमायुक्त नें अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित ना हो इस हेतु इस कार्य को पूर्ण मनोयोग के साथ करना सुनिश्चित करें। निगमायुक्त श्री दुबे ने कहा निरंतर किए जा रहे सामूहिक प्रयासों से कटनी नगर निगम द्वारा 70.4 प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यदि सभी आगे भी इसी प्रकार निरंतर प्रयासरत होकर कार्य करने से हम शीघ्र ही उच्चतम लक्ष्य हासिल करते हुए शत-प्रतिशत नागरिकों को सुविधा प्रदान करने में सफलता हासिल कर सकेंगे।

वर्चुअली समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नगरपालिक निगम द्वारा की जाने वाली समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं विशेष साफ-सफाई,मवेशियों के नियंत्रण, कीटनाशक छिड़काव,गड्ढों की मरम्मत,प्रकाश इत्यादि को समय में पूर्ण कराये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# पत्नी के उपसरपंच पति के साथ अवैध संबंध के कारण पति ने लगाई फांसी

### मृतक की शिकायत पर पुलिस ने नहीं की कोई कार्यवाही, धरने पर बैठे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



थाना अंतर्गत ग्राम छुलहा में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला शनिवार को सामने आया है। जहां पत्नी के उप सरपंच पति से अवैध संबंध के कारण पति ने फांसी लगा ली। ग्रामीणों का आरोप है कि मृतक युवक के साथ सरपंच पति और उनके पुत्रों ने मारपीट की थी जिसकी शिकायत कोतमा थाने में की गई थी। मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की जिस कारण युवक ने फांसी लगा ली।

### धरने पर बैठे पूर्व विधायक

परिजन व ग्रामीणों के साथ ही पूर्व विधायक सुनील सराफ, मंगलदीन साहू शव को फांसी से नहीं उतारने दे रहे थे उनकी मांग थी कि आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मामले पर पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण धरने पर बैठे थे व अपनी मांग पर अड़े रहे जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतमा ने पूर्व की शिकायत पर मामला दर्ज करने व शव के मर्ग जांच में साक्ष्य के आधार पर धारा बढ़ाने की बात कही है। पुलिस की समझाइश पर परिजन व ग्रामवासी शव फांसी से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सहमति दिए। घटना में ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कोतमा बिजुरी रामनगर भालूमाड़ा थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा था। मृतक के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें आत्महत्या के कारण के बारे में लिखा हुआ है फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए कोतमा अस्पताल शव को भिजवाया है।

### इनका कहना है

मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

**रत्नांबर शुक्ला**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# दुर्ग एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के बीच मिलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रेलवे प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय त्यौहारो के अवसर पर गाड़ियों मे होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मध्य आठ फेरे के लिये की जा रही है। यह ट्रेन दुर्ग से गाड़ी संख्या 08760 तथा हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से गाड़ी संख्या 08761 के साथ चलेगी। ये गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंडरा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशनों पर ठहरकर हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। 08760 दुर्गदृहज़रत निज़ामुद्दीन पूजा स्पेशल दुर्ग से 5 अक्टूबर से 23 नवम्बर तक तथा 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से 6 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक छूटेगी।

### यह रहेगी समय सारिणी




गाड़ी संख्या 08760 दुर्ग-हज़रत निज़ामुद्दीन पूजा स्पेशल ट्रेन, प्रत्येक रविवार को दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होगी जो रायपुर स्टेशन आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंडरा रोड स्टेशन आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 14.57 बजे , अनूपपुर आगमन 15.35 बजे प्रस्थान 15.40 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 16.15 बजे प्रस्थान 16.17 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 17.09 बजे प्रस्थान 17.11 बजे, कटनी मुरवारा स्टेशन आगमन 18.40 बजे प्रस्थान 18.00 बजे ,दमोह स्टेशन आगमन 20.20 बजे प्रस्थान 20.22 बजे, सागर स्टेशन आगमन 22.25 बजे प्रस्थान 22.30 बजे , झाँसी स्टेशन आगमन 01.55 बजे प्रस्थान 02.05 बजे, आगरा कैंट स्टेशन आगमन 06.15 बजे प्रस्थान 06.25 बजे एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन 11.10 बजे पहुचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन दुर्ग पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से 12.30 बजे रवाना होगी जो आगरा कैंट स्टेशन आगमन 15.40 बजे प्रस्थान 15.45 बजे, झाँसी स्टेशन आगमन 19.25 बजे प्रस्थान 19.30 बजे, सागर स्टेशन आगमन 02.10 बजे प्रस्थान 02.15 बजे, दमोह स्टेशन आगमन 03.25 बजे प्रस्थान 03.27 बजे, कटनी मुरवारा स्टेशन आगमन 06.10 बजे प्रस्थान 06.20 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 73.36 बजे प्रस्थान 07.38 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 08.35 बजे प्रस्थान 08.37 बजे, अनूपपुर आगमन 09.15 बजे प्रस्थान 09. 20 बजे, पेंडरा रोड स्टेशन आगमन 09.57 बजे प्रस्थान 09.59 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 11.50 बजे प्रस्थान 12.00 बजे, रायपुर स्टेशन आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 13.55 बजे एवं दुर्ग 15.00 बजे पहुचेगी। इस ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 03 सामान्य, 04 शयनयान, 8 एसी-3, 01 एसी -2, 02 एकोनोमिक्स -3 सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**खबर संक्षेप**

## मां नर्मदा ट्रांसपोर्ट ओनर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मां नर्मदा ट्रांसपोर्ट ओनर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें रवि राठौड़ को अध्यक्ष, प्रशांत त्रिपाठी को कार्यकारी अध्यक्ष, सूरज तंवर, जितेंद्र गौतम, केशव राठौर एवं बबलू जायसवाल को उपाध्यक्ष, सुरेंद्र पांडे को सचिव, शैंकी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा नारायण सिंह को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।गठन उपरांत सभी पदाधिकारियों का संगठन के सदस्यों एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत कर बधाई दी गई। नवीन कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। साथ ही व्यवसायियों की समस्याओं के निराकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए नई टीम प्रभावी भूमिका निभाएगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि संगठन के उत्थान और व्यवसायियों के हक के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

## वीरता पदक से सम्मानित पुलिस अधीक्षक को पत्रकार कल्याण परिषद ने दी बधाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान को राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किए जाने पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है। इसी कड़ी में पत्रकार कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय में पहुंचकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि 15 अगस्त को देशभर में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस सूची में अनूपपुर जिले के एसपी मोतिउर रहमान का नाम भी शामिल रहा। यह सम्मान उन्हें अपराध नियंत्रण, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बेहतरीन संचालन और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार जैसे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।

## फिल्मी स्टाइल में बुलेट पर सवार चार युवकों ने अस्पताल के भीतर मचाया हंगामा

# डॉक्टर से की गाली गलौज, ड्रेसिंग रूम का दरवाजा तोड़ फैलाई दहशत

### डर से भयभीत हुये डॉक्टर समेत स्टाफ व मरीज, थाने में दर्ज कराई शिकायत

### मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान का

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/भालूमाड़ा।






22 अगस्त को दिन मे लगभग 2:45 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान में रोज की तरह डॉक्टर मरीज का इलाज कर रहे थे इसी समय एक सफेद कलर की बुलेट में चार लड़के सवार होकर आते हैं और अस्पताल के अंदर बुलेट चला कर जाते हैं और पूरे बरामदे में बुलेट को घुमा घुमा कर स्टंट करते हुए अपना आतंक दिखाते हैं और ड्यूटी के दौरान मरीज का इलाज कर रहे डॉक्टर विपिन कुमार के केबिन में जाकर उनके साथ गाली गलौज की हरकत करते हैं। यह सब नजारा देखकर वहां उपस्थित मरीज अस्पताल के स्टाफ सन्न रह जाते हैं। डॉक्टर के मना करने पर वे लोग उन्हें अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ अमर्यादित व्यवहार करते हुए उनके गले में लटक रहे आला को खींचकर फेंकते हैं और उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर बुलेट में बैठकर ड्रेसिंग रूम के दरवाजे को तोड़ते हुए चारों लड़के बुलेट से सीढ़ियों से उतारकर वापस चले जाते हैं।

### पुलिस के पहुंचने के पहले ही भागे युवक

उक्त घटना के बाद डॉक्टर के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को इस बात की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया और भालूमाड़ा थाने में भी सूचना दी गई जहां से दो पुलिसकर्मी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए लेकिन तब तक वह चारों लड़के रफूचक्कर हो चुके थे। उक्त घटना की जानकारी जैसे ही स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ एवं परासी व कोतमा स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व स्टाफ को पता चला सभी लोगों में इस घटना से काफी नाराजगी देखी गई। सभी लोगों ने अपनी व मरीज की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भालूमाड़ा थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई जहां शिकायतकर्ता डॉक्टर विपिन कुमार के साथ डॉक्टर अनुराग सिंह, डॉक्टर मुकेश, रवि एवं परासी फुनगा कोतमा के मेडिकल स्टाफ भी उनके साथ थाने में उपस्थित रहे। डॉ विपिन कुमार की शिकायत पर चारों आरोपियों जिनमे सफेद कलर की बिना नंबर की बुलेट चलाने वाला युवक मनु पिता रमेश उसके साथ में बैठा युवक ओम पिता चरकु व अन्य दो लड़कों के खिलाफ थाने में धारा बीएनएस के तहत 33 1 (3), 296, 115 (2) 351 (3), 324(4), 132, 121(1), 3 (5) बीएनएस मध्य प्रदेश चिकित्सा या चिकित्सा से संबंधित व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम 2008 3/4 कायम करते हुए विवेचना में लिया गया है।

### असुरक्षित महसूस कर रहे कर्मचारी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर विपिन कुमार के साथ घटित घटना के बाद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ डरा-सहमा है जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुबह से लेकर देर रात तक मरीजों की इलाज के लिए खुला रहता है यहां तक कि डॉक्टर विपिन कुमार के द्वारा रविवार के दिन भी स्वास्थ्य केंद्र में रहकर आने वाले मरीजों का इलाज किया जाता है। यह गलत नहीं होगा कि जब से डॉक्टर बिपिन कुमार यहां पदस्थ हुए हैं यहां के लोगों को इलाज के लिए अब कहीं भी भटकना नहीं पड़ रहा जिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अवकाश के दिन, समय के बाद ताला लटकता था वहां अब ताला नहीं बंद होता बल्कि वहां मरीजों का इलाज होता है यहां तक कि इस स्वास्थ्य केंद्र में जच्चा बच्चा का प्रसव भी सफलतापूर्वक किया जाता है और इसका सबसे बड़ा कारण डॉक्टर विपिन कुमार है जो इसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस में निवास करते हैं। यहीं पर यहां पदस्थ स्टाफ नर्स का भी आवास है स्वास्थ्य केंद्र के अगल-बगल चारों ओर दूर-दूर तक कोई आवास नहीं है सामने बालिका छात्रावास है और जिस प्रकार से यहां पर आए दिन कुछ अराजक तत्व जानबूझकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्पात मचाते हैं और जिस प्रकार की घटना घटित हुई है उससे अब यहां का स्टाफ अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### डरा सहमा डॉक्टर का परिवार

कैंपस में रहने वाले डॉक्टर उनका परिवार स्टाफ नर्स उसका परिवार अब डरे सहमे हैं कि रात विरात कभी भी कोई भी आकर इन पर हमला कर सकता है जिनको बचाने के लिए कोई आने वाला नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र में न तो सीसीटीवी की सुविधा है न रात्रि में सिक्योरिटी गार्ड की सुविधा है। यहां हर काम डॉक्टर और स्टाफ नर्स को खुद ही करना पड़ता है और उसके बाद भी इस तरह की घटना होना कहीं ना कहीं किसी बड़ी साजिश की ओर भी इशारा करता है। कहीं ऐसा तो नहीं कि जानबूझकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को निशाना बनाया जा रहा हो कि वह यहां से चले जाएं और फिर यहां पहले जैसा हाल हो जाए और यहां के लोग इलाज के लिए दर-दर यहां वहां भटकने को मजबूर हो जाएं। जिस प्रकार घटना घटी है उससे यहां के जनप्रतिनिधि नेता जिम्मेदार भले ही कुछ ना बोले लेकिन यहां के गरीब निर्धन जो लोग इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे अपने परिजनों का इलाज कराते हैं उनमें जरूर नाराजगी है कि कहीं यह अस्पताल अगर बंद हो गया तो उनका क्या होगा। सवाल यह भी है कि आज समाज किस दिशा में जा रहा है जो डॉक्टर जो स्टाफ समाज की सेवा के लिए है उनके ऊपर इस तरह हमला किया जा रहा है।

# गणेश चतुर्थी के पूर्व प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

### मेहनत के मुताबिक आमदनी नहीं होने पर मूर्तिकारों में निराशा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



नगर के मूर्तिकार मिट्टी से गणेश की प्रतिमाओं को आकार देने में लगे हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि इस वर्ष 1000 रूपए से लेकर 35000 रुपए तक की मूर्तियां बनाई जा रही है। छोटे-छोटे गणेश की मूर्तियों का निर्माण शुरू हो गया है। मूर्तिकारों ने बताया कि इस वर्ष महंगाई का असर गणेशजी की मूर्ति पर भी पड़ने लगा है। यहां मिट्टी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वही मूर्ति निर्माण में सहायक अन्य सामग्रियों के दाम में भी वृद्धि के चलते गणेशजी की प्रतिमाओं की कीमतों मे वृद्धि हुई है। आगामी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का पर्व है। गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर नगर के मुखर्जी चौक के पास बंगाल से आये मूर्तिकारों के कई कर्मचारी दिन-रात गणेश जी की प्रतिमा बनाने में लगे हुए हैं। जैसे-जैसे गणेश चतुर्थी का पर्व नजदीक आ रहा है। ऐसे में अब मूर्तिकार भी गणेश मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। मुखर्जी चौक रोड के किनारे रखी तैयार छोटी बड़ी रंग-बिरंगी अगल-अलग मूर्तियां हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। ऐसे में लोग बनकर तैयार हो चुकी मूर्तियों की खरीददारी के लिए भी पहुंच रहे हैं।

### तीन-चार महीनों से बना रहे मूर्ति

पिछले 30 सालों से पंच्शिम बंगाल से आकर मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार रमेश पाल ने बताया कि 27 अगस्त को आने वाले गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर मूर्तियों का सीजन शुरू हो गया है। तीन-चार महीने पहले मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। ताकि गणेश चतुर्थी के पर्व से पहले अच्छा खासा मूर्तियों का स्टॉक हो जाए। उन्होंने बताया कि खड्डी और मिट्टी को मिलाकर मूर्ति बनाते हैं।

### डेढ़ से दस फिट तक की मूर्ति

इस काम में मेहनत बहुत लगती है। ढेड फीट से लेकर दस फीट तक की मूर्तियां बनाई हैं। गणेश चतुर्थी में अब कुछ दिन ही बचे हैं। ऐसे में समय कम है, तो दिन-रात कलर आदि का कार्य करके मूर्तियों को तैयार कर रहे हैं। छोड़ी-बड़ी करीब 300 मूर्तियों को तैयार कर रहे हैं। प्रत्येक मूर्ति केअलग-अलग दाम होते हैं। उन्होंने बताया कि कलर एवं श्रृंगार सामग्रियां वे कोलकाता से साथ में लेकर आते हैं उनके भी दाम इस बार आसमान छू रहे हैं।

### मेहनत के मुताबिक आमदनी नही

मूर्तिकार गोपाल पाल बताते हैं कि करीब 32 साल को गए हैं। बंगाल से आकर कोतमा में मूर्तियों को बनाते हुए। 5-7 कर्मचारियों के साथ मूर्ति बनाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य मे मेहनत बहुत लगती है। लेकिन उतनी आमदनी नहीं होती है। इस कार्य को लेकर जैसेकृतैसे घर परिवार का गुजारा चलाते हैं। उन्होंने बताया कि कई लोग पहले ऑडर देकर मूर्तियां बनवाते हैं। जबकि अधिकतर लोग दोकृतीन दिन पहले आकर मूर्तियों की खरीदारी करते हैं। इस बार भी कई लोगो ने गणेश प्रतिमाओ की बुकिंग करवाई है। मूर्तिकार गोपाल पाल ने बताया कि इस बार छोटी बड़ी मिलकर 200 मूर्तियों का उन्होंने निर्माण किया है। 3 फीट से लेकर 6 फीट तक की मूर्तियां का निर्माण किया है। 1000 रूपया से लेकर 15000 रूपये तक की मूर्तियां तैयार की है।



## आक्रामक हाथी ने देर रात युवक को सूंढ़ से पकड़ कर पटका

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विगत 3 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही सीमा से अनूपपुर जिले की सीमा में पहुंचा एक नर हाथी आक्रामक स्थिति में दिखाई दे रहा है जो वन कर्मचारियों के साथ आम जनों पर भी आक्रमण करने की कोशिश करता है। विगत रात जैतहरी के ग्राम पंचायत लहरपुर के गोडान टोला निवासी 45 वर्षीय हेमराज सिंह पिता सुखलाल सिंह को सूंढ़ से पड़कर फेंक दिया जिससे उसके कमर, पैर में चोट आने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती किया गया है वही यह हाथी शुक्रवार को पूरे दिन वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां बीट अंतर्गत कुसुमहाई गांव से लगे जंगल में ठहरने बाद देर शाम रात को कुसुमहाई गांव से पचौहा के पाठबाबा लहरपुर टकहुली से बस स्टैंड जैतहरी से तिपान नदी पार कर सुबह होने पर गोबरी के जंगल से ठेगरहा गांव पहुंचकर जंगल के किनारे बसे कुन्ना कोल के घर का दरवाजा को तोड़फोड़ कर बांड़ी में लगे भुट्टा की फसल को खाते हुए अनूपपुर वन परिक्षेत्र के दुधमनिया बीट अंतर्गत बांका गांव से ग्राम पंचायत गौरेला के बरटौला में स्थित जंगल के लेन्टाना में छिपकर विश्राम कर रहा है। यह नर हाथी लगभग 20 किलोमीटर की दूरी रात भर चलकर तय किया है वनविभाग का गश्ती दल ग्रामीणों के सहयोग से हाथी के विचरण पर निरंतर निगरानी रखते हुए आम जनों को हाथी से दूर रहने किसी भी तरह की छेड़खानी हाथी से नहीं करने देर शाम होते ही जंगल के किनारे अथवा गांव से बाहर कच्चे मकान बना कर रह रहे हैं ग्रामीणों को साम रात होने के पूर्व बीच गांव बस्ती में सुरक्षित रहने की अपील की है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सातवां जिला सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




अनूपपुर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सातवां जिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कामरेड अरविन्द श्रीवास्तव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के 100 सालों के संघर्षों की इतिहास पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पूर्ण स्वतंत्रता का नारा कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया था। हम आधी अधूरी आजादी के खिलाफ थे, और उस समय जो राष्ट्रवादी आंदोलन से चल रहा था वह ब्रिटिश उपनिवेशवाद से कुछ सहूलितों की मांग कर रहे थे जिसे कम्युनिस्ट पार्टी ने इनकार कर दिया और आजादी के आंदोलन में जोर-शोर से हिस्सेदारी की हमारे लाखों लाख लोगो ने आजादी के लिए कुर्बानियां दी और आजादी के बाद भी लगातार सांप्रदायिक और फासिस्ट ताकतों से कम्युनिस्ट पार्टी अपनी लड़ाई लड़ती रही उद्घाटन सत्र को प्रख्यात मजदूर नेता कामरेड अजीत जैन ने मजदूरों के आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवाद को सिद्धांत को जानती है। जिसमें उन्होंने 'दुनिया की मजदूर एक हो'का नारा दिया मेहनतकश अवाम की सत्ता ही हमारा उद्देश्य है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की यह समझ है कि हमारी राजनीतिक विचारधारा कहती हैं जब तक इस देश में मेहनत करने वालों का राज नहीं होगा शोषण का तांडव जारी रहेगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सहायक सचिव कामरेड हरिद्वार सिंह ने भी मजदूरों के आंदोलन पर विस्तृत प्रकाश डाला। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संयोजक कामरेड जनक राठौर ने आधार वक्तव्य में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 100 सालों के इतिहास को रेखांकित किया उद्घाटन सत्र का संचालन कामरेड विजेंद्र सोनी एडवोकेट ने किया इसके बाद उद्घाटन सत्र के समापन की घोषणा की गई और उसके तत्काल बाद प्रतिनिधि सत्र प्रारंभ हुआ। सम्मेलन में संयोजक कामरेड जनक राठौर ने राजनीतिक और संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की उपस्थित प्रतिनिधियों में से 15 प्रतिनिधि साथियों ने चर्चा में भाग लिया तत्पश्चात नए जिला परिषद का निर्वाचन किया गया जिसमें सचिवके रूप में कामरेड जनक राठौर, सहायक सचिव सुरेन्द्र सिंह टेकाम कोषाध्यक्ष डा असीम मुखर्जी चुने गए। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का जिला कार्यालय का उद्घाटन भी राज्य सचिव अरविंद श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। जिला पार्टी का कार्यालय होटल मंदाकिनी के बगल में जैतहरी रोड अनूपपुर में स्थित है।

# यथास्थान में हो नवीन तहसील भवन निर्माण का कार्य-मनोज दुबे

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



भा.ज.पा नगर मंडल अनूपपुर के पूर्व महामंत्री मनोज दुबे ने कहा कि जिला मुख्यालय में तहसील भवन के निर्माण में हो रही लेट लतीफी को लेकर नागरिकों में असंतोष फैलता जा रहा है। पूर्व में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जिले के गणमान्य नागरिकों को वर्तमान स्थल पर ही नवीन तहसील भवन निर्माण का आश्वाशन दिया गया था जो आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है। नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ नहीं हुआ तो हम जन आंदोलन समेत धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल भी करें।

### इधर पार्षद ने कहा पुराने स्थल पर ही बनेगा नया तहसील भवन

तहसील के नए भवन निर्माण को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए वार्ड पार्षद भाजपा नेता अनिल पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों उन्होंने अनूपपुर विधायक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें स्पष्ट मांग की गई थी कि तहसील का नया भवन पुराने तहसील परिसर वार्ड क्रमांक 9 में ही निर्मित किया जाए और इसे अन्यत्र स्थानांतरित न किया जाए। पटेल ने बताया कि विधायक बिसाहूलाल सिंह ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर से चर्चा की, जिसके बाद नए तहसील भवन का निर्माण पुराने परिसर में ही किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता को जानकारी दी है कि भवन यथास्थान पर ही बनेगा। अनिल पटेल ने बताया कि विधायक से कल उनकी चर्चा हुई, जिसमें विधायक ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई आदेश जारी ही नहीं किया गया है, यह केवल एक कोरी अफवाह है। श्री पटेल ने कहा कि कुछ राजनीतिक स्वार्थ रखने वाले लोग जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए यह भ्रम फैला रहे हैं कि तहसील भवन अन्यत्र स्थानांतरित किया जा रहा है। जबकि सच्चाई यह है कि तहसील भवन को कहीं नहीं ले जाया जा रहा है। अनिल पटेल ने जनता से अपील की है कि इस तरह की भ्रमित करने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें।

**नोटिस**
**न्यायालय अपर कमिश्नर, शहडोल संभाग, शहडोल (म. प्र.)**
राप्रक/0309/अपील/2021-22/602
शहडोल, दिनाक 04 अगस्त 2025
अपीलार्थी: वृन्दावन चतुर्वेदी पिता श्री अम्बिका प्रसाद चतुर्वेदी निवासी - वार्ड नं. 13, अनूपपुर, तहसील - अनूपपुर जिला - अनूपपुर (म. प्र.) **विरुद्ध**
विद्यादेवी बियानी
उत्तरवादी:- 3 अ. सिद्धार्थ पुत्र शोभा देवी बियानी 3. ब पूनम पुत्री शोभा देवी बियानी 4. आभा बियानी पुत्री स्व. देवी प्रसाद बियानी 5. प्रभा बियानी पुत्री स्व. देवी प्रसाद बियानी 6 रविन्द्र कुमार बियानी पिता स्व. देवी प्रसाद बियानी सभी निवासी वार्डन 13 अनूपपुर
हाल मुकाम ब्लेसिंग हाउस सिलिकेट फैक्ट्री हाउस, सिलिकेट रोड, आसनसोल, जिला वर्धमान (पश्चिम बंगाल)
अपीलार्थी वृन्दावन चतुर्वेदी पिता श्री अम्बिका प्रसाद चतुर्वेदी निवासी - वार्ड नं. 13, अनूपपुर तहसील - अनूपपुर जिला अनूपपुर (म.प्र) के द्वारा कलेक्टर, जिला - अनूपपुर के राजस्व प्रकरण . 14 / अपील / 2020 21 आदेश दिनांक 11/10/2021 के विरुद्ध इस न्यायालय में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (2) के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। प्रकरण दर्ज किया जाकर प्रचलन में है। उक्त प्रकरण मे उत्तरवादी क्र . 3 अ सिद्धार्थ पुत्र शोभा देवी बियानी 3 ब पूनम पुत्री शोभा देवी बियानी 4 आभा बियानी पुत्री स्व. देवी प्रसाद बियानी, 5 प्रभा बियानी पुत्री स्व. देवी प्रसाद बियानी, 6. रविन्द्र कुमार बियानी पिता स्व. देवी प्रसाद बियानी सभी निवासी वार्ड नं. 13 अनूपपुर हाल मुकाम - ब्लेसिंग हाउस सिलिकेट फैक्ट्री हाउरा, सिलिकेट रोड, आसनसोल, जिला - वर्धमान (पश्चिम बंगाल ) को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रचलित राजस्व प्रकरण क्र. 309 / अपील / 2021 22 में अगामी पेशी दिनांक 29.08.2025 सुनवाई हेतु नियत है । अत उत्तरवादीगण स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अगामी पेशी दिनांक 29.08.2025 सुनवाई हेतु नियत है। अत: उत्तरवादीगण स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अगामी पेशी दिनांक 29.08.2025 को इस न्यायालय में प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करे। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में नियमानुसार आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर विचाराधीन अपील प्रकरण मे अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
(कमिश्नर महोदय द्वारा आदेशित)
उपायुक्त (राजस्व) शहडोल संभाग. शहडोल (म.प्र.)

# जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव, ज्ञान-विज्ञान एवं वैदिक गणित

हरिभूमि न्यूजे अनूपपुर।



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में 21 अगस्त को जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव, ज्ञान-विज्ञान एवं वैदिक गणित समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती, भारत माता तथा सृष्टि के प्रतीक ओम के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्याभारती मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय अभियान प्रमुख (संस्कृति ज्ञान) राकेश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती पुष्पेंद्र रानी सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप सोनी (जिला सचिव, सरस्वती शिक्षा परिषद, अनूपपुर), डॉ. योगेश दीक्षित (पशुचिकित्सक), श्रीमती गुंजन दीक्षित, श्रीमती रमा मिश्रा (कोषाध्यक्ष), पुष्पेंद्र नामदेव (व्यवस्थापक, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी) एवं अमरकंटक के प्रधानाचार्य शिवसागर मंचासीन रहे। प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. दीपक उरमलिया (प्राचार्य, सरस्वती जैतहरी एवं विभाग विज्ञान प्रमुख), संतोष शुक्ल (जिला बौद्धिक प्रमुख, अनूपपुर), महेंद्र गुप्ता (जिला विज्ञान प्रमुख, अमरकंटक) तथा मनोज सोनी (जिला वैदिक गणित प्रमुख, जैतहरी) के निर्देशन में हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सतीशचंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गीत, भजन, रंगोली, चित्रकला, प्रश्न मंच, भाषण, गीता पाठ, मानस प्रथमाक्षरी, सरस्वती वंदना, वंदे मातरम गायन, शास्त्रीय गायन-वादन, नृत्य, विज्ञान प्रश्न मंच, मॉडल-प्रयोग तथा वैदिक गणित जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निर्णायक मंडल में श्रीमती सुधा मालवीय (जिला महिला प्रमुख पतंजलि योग), श्रीमती ज्योति नंदा, मधु खरद, वंदना जैन, नीरा गुप्ता, संजय विश्वास, सीमा विश्वास, मयंक अग्रवाल, डॉ. दुर्गेश द्विवेदी, सुमित केसरवानी, कविता, अमित कुमार भारती, अनमोल, माया, मीना दीक्षित सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलेभर से 177 छात्र-छात्राएं (भैया-बहिन) एवं 8 संरक्षक आचार्य शामिल हुए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि आसंदी पर शहडोल विभाग के विभाग समन्वयक रामशिरोमणि शर्मा तथा अध्यक्षता में विद्यालय के व्यवस्थापक आदर्श दुबे उपस्थित रहे। मंच से सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायकों, संरक्षक आचार्यों तथा व्यवस्थाओं से जुड़े सभी सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यवस्थापक आदर्श दुबे ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। विभाग समन्वयक रामशिरोमणि शर्मा ने आगामी विभागीय प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए सभी से शत-प्रतिशत सहभागिता की अपेक्षा व्यक्त की तथा विभाग का नाम रोशन करने का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन एवं शांति पाठ के साथ हुआ।